Regarding need to reduce the number of toll booths on NH-14 between Santalpur and Palanpur in Patan Parliamentary Constituency, Gujarat-Laid

श्री भरतसिहंजी शंकरजी डाभी **(पाटण) :** मेरे संसदीय क्षेत्र पाटण में कांकरेज, राधनपुर और सांतलपुर तहसीलों के मध्य से गुजरने वाले सांतलपुर- पालनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-14) के बीच तीन टोल बूथ बनाये गये हैं, जिनमें से एक, वाराही टोल बूथ सांतलपुर और राधनपुर तहसीलों के बीच स्थित है । उसके बाद केवल 40 किमी की दूरी पर कांकरेज तहसील में भलगाम टोल नाका भी उस राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है और उसी तहसील में केवल 35 किलोमीटर की दूरी पर एक और टोल नाका मुडेठा रोड पर स्थित है । इस कारण वहां से आवागमन करने वाले लोगों को हर समय परेशानी का सामना करना पडता हैं । जबकि, भारत सरकार के नियमानुसार 60 किमी के अंदर केवल एक टोल बूथ होना चाहिए ।

अतः माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि इन टोल बूथों में से दो बूथों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाये और केवल एक ही टोल बूथ यथावत रखा जाये ।